
हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 10 अक्टूबर 2025

13 अस्थाई पार्किंग के बावजूद बाजारों में चौपहिया वाहनों पर नहीं लग रही रोक



14 पांच चोरों की तलाश में दौड़ रहीं पुलिस की पांच टीमें












## खबर संक्षेप

### सीएम का एयरपोर्ट पर किया स्वागत

**बहादुरगढ़।** जापान दौरे से देर रात्रि स्वदेश लौटे हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी का भाजपा नेता जसबीर सैनी ने दिल्ली एयरपोर्ट पर स्वागत किया। जसबीर ने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच ने जापान व हरियाणा के रिश्तों को मजबूती प्रदान की है। इस दौरे से प्रदेश को लगभग 5 हजार करोड़ रुपये का निवेश मिलेगा और रोजगार के द्वार खुलेंगे। मौके पर रोहित प्रधान, जीवन सैनी, पुनीत प्रधान, भूपेंद्र आढ़ती, नीरज, राजपाल, राजू, बिजेंद्र, जयकिशन व सुभाष आदि मौजूद रहे।

### स्पेशल स्कूल में शिविर लगाकर स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** आशा किरण स्पेशल स्कूल में वीरवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम विशाल द्वारा आयोजित शिविर में पीएचसी नूना माजरा के डॉ. संजीव, डॉ. नेहा, डॉ. शिखा व उनकी टीम ने स्पेशल बच्चों की स्वास्थ्य जांच की। डॉक्टरों ने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के विषय में उपयोगी जानकारी भी दी। बच्चों को आयुर्वेदिक दवाई भी वितरित की गई। प्रधानाचार्य नवीन देशवाल ने सीजेएम के साथ ही डॉक्टरों की टीम का विशेष धन्यवाद किया।

### शिविर में समस्याओं का किया समाधान

**बहादुरगढ़।** लघु सचिवालय में स्थित एसडीएम कार्यालय में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रीवेंस कमेटी मेंबर नवीन बंटी भी विशेष रूप से मौजूद रहे। शिविर में आई अधिकांश समस्याओं का एसडीएम नसीब कुमार द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि कुछ लंबित मामलों के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए। भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन बंटी ने कहा कि ऐसे शिविरों का उद्देश्य जनता को राहत देना है। बंटी ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार हर वर्ग के हित में कार्य कर रही है। सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में जनता को सरकार की कल्याणकारी नीतियों का अधिकतम लाभ मिल रहा है। नायब सैनी के कुशल नेतृत्व और ओमप्रकाश धनखड़ के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में हर वर्ग का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## जलभराव का समाधान नहीं करने से हजारों औषधीय पेड़-पौधे नष्ट

# प्रकृति की मार और बदहाल नाले ने निगल ली हर्बल पार्क की हरियाली

*अव्यवस्था :* सेक्टर 13 की पहचान बना हर्बल पार्क जाम नाले की वजह से हो गया बर्बाद लाखों रुपये का भी नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

वर्षों की मेहनत के बाद पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बना सेक्टर-13 स्थित हर्बल पार्क बीते दिनों आंधी के साथ आई बरसात तथा बदहाल नाले के कारण बर्बाद हो गया। पार्क में मौजूद 127 किस्म के हजारों औषधीय पौधों में से लगभग 90 प्रतिशत यानी हजारों पौधे खत्म हो गए। पार्क की बदहाली से पर्यावरण प्रेमी आहत हैं।


बहादुरगढ़। पार्क में भरा पानी और बाहर बदहाल नाला। फोटो : हरिभूमि

### प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण बेहद जरूरी

लाखों-करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए नाले काम ही नहीं कर रहे। अगर निकासी व्यवस्था सुचारू होती तो पार्क में नुकसान इतना नहीं होता। पर्यावरण प्रेमी वजीर सिंह दहिया, डॉ. अजय जैन और विजयपाल ने कहा कि आगामी वर्षों में बरसात बढ़ने की संभावना है। ऐसे में प्रभावी ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण बेहद जरूरी है। यदि समय रहते नालों की सफाई और रखरखाव किया जाए तो इस तरह की पर्यावरणीय क्षति से बचा जा सकता है। अन्यथा न केवल पर्यावरण बल्कि आवासीय बस्तियों में भी नुकसान हो सकता है। छोटूराम नगर, विवेकानंद नगर इसके उदाहरण हैं। पार्क में नुकसान बेहद हुआ है लेकिन हम इसे फिर से विकसित करने के लिए पसीना बहाएंगे।

### प्राकृतिक आपदा पर किसी का जोर नहीं

पर्यावरण प्रेमियों ने कहा कि प्राकृतिक आपदा पर किसी का जोर नहीं है, लेकिन समय रहते पानी निकल जाता तो शायद ये हालात न बनते। दरअसल, पार्क के साथ से गुजरने वाला निकासी नाला पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। गंदगी और जाम की वजह से बारिश का पानी बाहर नहीं निकल सका, जिसके चलते पूरा हर्बल पार्क जलमग्न हो गया। पार्क में रखे गए करीब पांच हजार छोटे पौधे भी डूबकर नष्ट हो गए, जिन्हें आने वाले दिनों में इलाके में रोपने की योजना थी। करीब आठ वर्षों की मेहनत और श्रम से इस पार्क को तैयार किया था। यह सिर्फ एक पार्क नहीं, बल्कि औषधीय विविधता को सहेजने की एक पहल थी। प्रशासनिक लापरवाही और निकासी व्यवस्था की खामियों ने सब कुछ खत्म कर दिया।

### यहां हरियाली के प्रयासः सेक्टर-7 में सफाई के बाद लगाए पौधे

**बहादुरगढ़।** नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी के सौजन्य से सेक्टर-7 में नहर के साथ खाली पड़ी भूमि पर सफाई अभियान चलाने के साथ पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में करीब 40 महिलाओं ने पौधे लगाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्षद ज्योति पवन रोहिल्ला ने की। वैश्य बीएड कॉलेज की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कॉलेज की छात्राओं और स्टाफ के साथ सक्रिय भागीदारी निभाई। चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार यह स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का बड़ा संदेश है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि अपने आसपास की सफाई बनाए रखें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। कार्यक्रम में राजेश कटारिया, अमित गुप्ता, नेहा गुप्ता, पूर्व पार्षद सुरेश कुमार, धीरज, बिट्टू, चंदन शर्मा, जयवीर, कृष्णा, सवी देवी, दया जोशी, रेनू, प्रीति, श्यामलाल, कमलेश, कमलेश गुप्ता, सुदेश और विनोद शर्मा शामिल रहे। सभी ने पौधारोपण कर स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया।


बहादुरगढ़। सफाई करने के बाद पौधे लगाती चेयरपर्सन व अन्य महिलाएं।

## शिक्षा मंत्री आवास का घेराव करेंगे लैब सहायक

12 हजार रुपये मासिक वेतन पर नौकरी करने को मजबूर, नहीं हो रहा मांगों का समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

कंप्यूटर लैब सहायक संघ की जिला इकाई की मीटिंग वीरवार को जिला प्रधान मनोज शर्मा की अध्यक्षता में हुई। मनोज शर्मा ने कहा कि लैब सहायकों को पिछले चार माह से वेतन नहीं मिला है।

इसके अलावा पिछले पांच वर्षों से उनके वेतन में कोई वृद्धि नहीं की गई। वे मात्र 12 हजार रुपये मासिक वेतन पर नौकरी करने पर मजबूर हैं। सरकार द्वारा उनकी मांगों की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा जिस कारण लैब सहायकों में रोष व्याप्त है। मीटिंग में फैसला लिया गया कि यदि समय रहते उनकी मांगों को नहीं माना जाता तो वे आगामी 16 अक्टूबर को पानीपत पहुंच कर शिक्षा मंत्री आवास का घेराव करेंगे। लैब सहायकों ने बताया कि वे वर्ष 2011 से प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं। इस मौके पर कविता, टीना, सुरेंद्र, अनिल, स्नेहलता, पवन, कुलदीप, कृष्ण सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


झज्जर। मीटिंग के उपरांत उपस्थित लैब सहायक। फोटो : हरिभूमि

## सांकेतिक धरने पर बैठे नव चयनित पटवारी, सौंपा ज्ञापन

**झज्जर।** विभिन्न मांगों को लेकर नव चयनित पटवारियों ने एक दिन का सांकेतिक धरना दिया और बाद में लघुसचिवालय परिसर में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। पटवारी कानूनगो एसोसिएशन के जिला प्रधान राजबीर गुलिया ने बताया कि उनकी मुख्य मांगों में नव चयनित पटवारियों की डेढ़ साल की ट्रेनिंग अवधि को एक साल किया जाए, ट्रेनिंग के दौरान स्टाइपेंड की बजाय पूरा वेतन दिया जाए, ट्रेनिंग अवधि को सेवा अवधि में जोड़ा जाए आदि शामिल है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं करती है तो काली दिवाली मनाने पर मजबूर होंगे।



झज्जर। लघुसचिवालय परिसर में धरना प्रदर्शन करते हुए नव चयनित पटवारी। फोटो : हरिभूमि


बहादुरगढ़। प्रतियोगिता के दौरान लगी मेहंदी दिखाता कॉलेज स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

### सिमरन व राधिका ने रचाई सबसे अच्छी मेहंदी

**बहादुरगढ़।** करवा चौथ के पूर्व संध्या पर वीरवार को राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में सांस्कृतिक समिति द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अलका गुलाटी द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा को प्रोत्साहित करने के लिए के लिए कार्यक्रम हुआ। छात्राओं के अत्यंत सुंदर व आकर्षक मेहंदी डिजाइन की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिमरन एवं राधिका ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर प्रिंसी व निशा रही। तृतीय स्थान नूतन ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सीमा, डॉ. रीना, डॉ. शशी भारद्वाज, डॉ. सुशीला व तनवीर ने सभी छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लेने पर आभार जताया गया।



बहादुरगढ़। विजेता प्रतिभागियों के साथ प्रिंसिपल व कॉलेज स्टॉफ। फोटो : हरिभूमि

### मेहंदी प्रतियोगिता में चारू प्रथम

**बहादुरगढ़।** छारा स्थित चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. अनीता दलाल के दिशा-निर्देशन में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ज्योति द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में लगभग 20 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा चारू ने पहला स्थान हासिल किया। बीए तृतीय वर्ष की छात्रा काजल ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि बीए प्रथम की मुस्कान तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की जानहवी ने तीसरा स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में मंजू मलिक, गीतांजलि, डॉ. मनोज कुमार आदि शामिल थे। प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल ने विजेताओं को इनाम देकर प्रोत्साहित किया।


बहादुरगढ़। छात्राओं द्वारा लगाई मेहंदी दिखाती बादली कॉलेज की स्टाफ सदस्य।

### बादली कॉलेज में सविता व रितिका रही प्रथम

**बहादुरगढ़।** बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ सह-प्रभारी डॉ. रेणू की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य आनंद काद्यान ने की। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। छात्रा सविता व रितिका प्रथम स्थान पर रही। सानिया, प्रिया व सुहानी द्वितीय स्थान पर रही। कोमल व अंशिका तृतीय स्थान पर रही।

# चेयरपर्सन ने सड़क निर्माण को लेकर पीडब्ल्यूडी को दिए सुझाव

जलभराव वाले स्थानों पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत, कंक्रीट से बनाई जाए सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल रोहिल्ला से मुलाकात कर दिल्ली-रोहतक रोड के निर्माण को लेकर पांच अहम सुझाव दिए। उनके अनुसार निर्माण के दौरान गुणवत्ता और तकनीकी मजबूती को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए ताकि यह सड़क लंबे समय तक चलती रहे। सरोज राठी ने बताया कि दिल्ली-रोहतक रोड पर नागरिक अस्पताल के सामने, स्टैंडर्ड स्वीट्स के सामने, पूर्व विधायक सूरजमल वाली गली के कट पर, मुंगेशपुर ड्रेन के निकट विवेकानंद नगर चौक और मेट्रो स्टेशन के पास का हिस्सा नीचे होने से अक्सर जलभराव की समस्या बनी रहती है। चेयरपर्सन ने सुझाव दिया कि ऐसे स्थानों पर या तो सीमेंट-कंक्रीट से सड़क बनाई जाए या फिर मेस्टिक परत बिछाई जाए ताकि पानी का प्रभाव सड़क की सतह पर न पड़े। इन स्थानों पर तारकोल कंक्रीट की मात्रा बढ़ाकर इसका लेवल उचित किया जाए।


बहादुरगढ़। एक्सईएन को सुझाव पत्र सौंपती चेयरपर्सन सरोज राठी।

### नाले की ओर रखी जाए सड़क का ढलान

सड़क का ढलान नाले की ओर रखा जाए। यदि निर्माण कार्य में ये तकनीकी सुधार हुए तो सड़क वर्षों तक मजबूती से टिकेगी। सरोज राठी ने बताया कि पिछले कई वर्षों से यहां जलभराव और सड़क टूटने की समस्या नागरिकों के लिए बड़ी परेशानी का कारण रही है। पीडब्ल्यूडी एक्सईएन अनिल रोहिल्ला को सुझाव पत्र देकर उन्होंने सड़क का बेहतर निर्माण करवाने का आग्रह किया। एक्सईएन अनिल रोहिल्ला ने कहा कि चेयरपर्सन के सुझाव तकनीकी रूप से व्यवहारिक हैं। आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता, जलनिकासी और ढलान को प्राथमिकता दी जाएगी ताकि यह सड़क लंबे समय तक सुरक्षित और गड्ढा-मुक्त रह सके।

### वैश्य आर्य गर्ल्स कॉलेज में सजे स्टॉल

**बहादुरगढ़।** वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में वीरवार को हुए उद्यमिता पखवाड़े में छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्राओं ने खाने, मेहंदी, क्ले आर्ट, सूट, केश सजावट के समान व मोमबत्ती बनाने आदि के विभिन्न स्टॉल लगाए। विवाहित छात्राओं में मेहंदी लगवाने का उत्साह दिखा, जबकि फूड स्टॉल पर भी छात्राओं की खूब भीड़ दिखी। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए खरीदारी भी की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के सपने को सच करने के लिए लड़कियों का आत्मनिर्भर व स्वावलंबी होना आवश्यक है। आईक्यूएसी सेल प्रभारी सुजाता वर्मा व प्लेसमेंट सेल प्रभारी डॉ. भारती मिश्रा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में खूब सहयोग किया और छात्राओं को बधाई दी।


बहादुरगढ़। वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेहंदी लगवातीं प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# कॉलेज में रही फेस्टिव कार्निवल की धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में महिला प्रकोष्ठ, यूथ रेडक्रॉस और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में भव्य एवं रंगारंग फेस्टिव कार्निवल का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य दलबीर सिंह ने रिबन कटिंग से स्टॉल्स का शुभारंभ किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. मंजू दलाल द्वारा किया गया।

- फ्लेवर एंड फन जोन, हिना मैजिक फ्रोजन मोमेंट्स और डिजिटल बज प्रमुख आकर्षण रहे

कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर सुमन हुड्डा रहीं। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. शशि रापड़िया, सह-संयोजक हीरा रापड़िया, अनुराधा, पूनम रानी और भावना ने आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। वाईआरसी की संयोजक डॉ. मोनिका व अंजली ने विद्यार्थियों को समाज सेवा की भावना से जोड़ने का कार्य किया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रचना व जोगेंद्र ने भी अपनी टीम के साथ मिलकर कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित उत्साह और रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व, सहयोग और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम में विभिन्न स्टॉल्स एवं प्रदर्शनी लगाई गई। फ्लेवर एंड फन जोन, हिना मैजिक, फ्रोजन मोमेंट्स और डिजिटल बज प्रमुख आकर्षण रहे। भेलपुरी, फ्रूट चाट, सैंडविच और कुल्फी जैसे स्टॉल्स पर विद्यार्थियों की भारी भीड़ दिखी। वाईआरसी और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में डोनेशन ड्राइव भी चलाई गई। विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने कई वस्तुएं बड़े पैमाने पर दान की।


बहादुरगढ़। एक स्टॉल पर खरीदारी करते प्रिंसिपल दलबीर सिंह।


झज्जर। गोद भराई कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी एवं गर्भवती महिलाएं।

### गर्भवती महिलाओं की कराई गोद भराई

**झज्जर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी राजबाला के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम से डॉक्टर साहिल ने शिरकत की। इस दौरान एनिमेशन-डे, रेसिपी प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता तथा महिलाओं की गोद भराई जैसे आकर्षक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अलावा अन्नप्राशन दिवस भी मनाया गया, जिसमें छोटे बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण करवाया गया और माताओं को शिशु एवं मातृ पोषण के महत्व बारे जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिभागियों द्वारा कम लागत वाली पौष्टिक रेसिपी तैयार करते हुए संदेश दिया गया कि सीमित संसाधनों में भी संतुलित और स्वास्थ्यवर्धक भोजन तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा संतुलित आहार, साफ-सफाई, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच, कुपोषण को समाप्त करने और सामुदायिक स्तर पर पोषण जागरुकता बढ़ाने पर भी विशेष बल देते हुए प्रतिभागियों को पोषण शपथ दिलाई गई।

**जागरुकता** नशा मुक्ति अभियान चलाते हुए नई उमंग नई तरंग प्रोजेक्ट के तहत निकाली गई प्रेरणादायक यात्रा

# ब्रह्माकुमारियों ने मांडोठी में निकाली शांति पदयात्रा

यात्रा का शुभारंभ गांव की सरपंच के पुत्र निलेश दलाल ने बीके अंजलि दीदी, बीके विनीता दीदी, बीके रेणु दीदी के साथ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा मांडोठी गांव में वीरवार को प्रेरणादायक शांति पदयात्रा एवं नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। सैकड़ों भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे गांव को शांति, सद्भावना और नशा मुक्ति का संदेश दिया।

यात्रा का शुभारंभ गांव की सरपंच के पुत्र निलेश दलाल ने बीके अंजलि दीदी, बीके विनीता दीदी, बीके रेणु दीदी आदि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।


बहादुरगढ़। गांव मांडोठी में पदयात्रा निकालती ब्रह्माकुमारियां। फोटो : हरिभूमि

### हुक्का-बीड़ी छोड़ो, खुशहाल बनो जैसे नारे गूंजे

ब्रह्माकुमारीज द्वारा भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से युवा प्रभाव प्रोजेक्ट नई उमंग नई तरंग के अंतर्गत यह अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। युवाओं में आत्म-सशक्तिकरण, नशा मुक्ति, नैतिकता और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश फैलाया जा रहा है। गांव में नशा छोड़ो, जीवन संवारो, हुक्का-बीड़ी छोड़ो, खुशहाल बनो जैसे नारे गूंजे। ब्रह्माकुमारियों ने घर-घर जाकर नशा मुक्ति के पर्चे वितरित किए और सभी को व्यसनों से मुक्त जीवन जीने की प्रेरणा दी। बीके अंजलि दीदी ने कहा कि नशा न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज की शांति भी छीन लेता है। बीके विनीता दीदी ने कहा कि धूम्रपान छोड़ना ही अपने और परिवार के कल्याण का सबसे बड़ा कदम है। बीके रेणु दीदी ने गांव में नारे लगाते हुए युवाओं में उमंग और उत्साह का संचार किया और उन्हें नशा छोड़कर जीवन को नई दिशा देने की प्रेरणा दी। बीके संदीप भाई ने सभी उपस्थितजनों से नशा मुक्ति की सामूहिक प्रतिज्ञा करवाई। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष महावीर दलाल ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है। यदि वह नशे से दूर रहकर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगी तो भारत का स्वर्णिम भविष्य निश्चित है।

## खबर संक्षेप



बेरी। नेत्र जांच शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सीय टीम।

### शिविर में 62 लोगों की जांचीं आंखें

**बेरी।** क्षेत्र के गांव सिवाना में विश्व दृष्टि दिवस पर वीरवार को सीएचसी दूबलधन की टीम द्वारा नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 मरीजों की आंखों की जांच की गई। एसएमओ डॉक्टर शिल्पा मेहता ने बताया कि नेत्र हमारे शरीर का सबसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण अंग है। जीवन में दृष्टि को सुरक्षित रखना हर व्यक्ति की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस दौरान डॉक्टर मनीषा, डॉक्टर जयप्रकाश, योगाचार्य गीता कादियान, सपना, प्रदीप, एएनएम मायावती, रजनी सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### एसडीएम ने शिविर में सुनीं लोगों की समस्याएं

**बेरी।** एसडीएम रेणुका नांदल ने वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनते हुए जल्द समस्या के समाधान के निर्देश दिए। समाधान शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। शिविर में प्रमुख तौर से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड आदि शिकायतें रखी गई। इस अवसर पर नपा सचिव पूजा साहू, एसडीओ डॉक्टर ऋषिपाल, कानूनगो पवन कुमार, जेई अभिषेक, पवन कुमार, विवेक कुमार सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### ड्राइविंग स्किल प्रशिक्षण योजना पर की चर्चा

**झज्जर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई दिशा देने के उद्देश्य से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निदेशक उमेश भूकर गोरिया ने की जबकि महिला विकास निगम आरसेटी के जिला प्रबंधक राजकुमार ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को निगम द्वारा संचालित ड्राइविंग स्किल प्रशिक्षण योजना से अवगत कराया।



झज्जर। कलाकृति प्राचार्य को भेंट करते हुए इंद्रपाल खोहाल।

### जीवन में हस्तशिल्प कला की भूमिका पर डाला प्रकाश

**झज्जर।** पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरवार को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षक ईश्वर ने बताया कि जीवन में हस्तशिल्प कला की भूमिका विषय पर आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य जोगेंद्र धनखड़ ने की जबकि मुख्यातिथि के रूप में हस्तशिल्प कला के नेशनल अवॉर्डी इंद्रपाल खोहाल ने शिरकत की। इस मौके पर राजबीर दहिया, यशपाल नारा, चांद सिंह, अशोक कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

---

*ओल्ड बस स्टैंड व टैक्सी स्टैंड पर बनाई गई अस्थाई पार्किंग, लेकिन बाजारों में लग रही वाहनों की भीड़*

### त्योहारी सीजन में भी बाजारों के अंदर नहीं दिख रही पुलिस

# अस्थाई पार्किंग के बावजूद बाजारों में चौपहिया वाहनों पर नहीं लग रही रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

करवा चौथ पर्व को लेकर शहर के बाजारों में एक ओर रौनक छाई हुई हैं, तो दूसरी ओर जाम की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ओल्ड बस स्टैंड व टैक्सी स्टैंड परिसर में अस्थाई पार्किंग बनाने के बावजूद चौपहिया वाहनों का बाजार में आवागमन जारी है। इस वजह से बाजार में जाम आम हो गया है। पुलिस की तैनाती का अभाव साफ दिखाई दे रहा है।

वीरवार सुबह से ही महिलाओं और खरीदारों की भीड़ बाजारों में उमड़ने लगी।

सौंदर्य प्रसाधन, साड़ी, पूजा सामग्री और मिठाई की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं। बढ़ती भीड़ के साथ बाजारों में वाहनों की संख्या में भी इजाफा दिखाई देने लगा है जिस कारण दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है।





झज्जर। थाना गेट के सामने वाहनों के कारण लगा जाम, नेताजी सुभाष चौक पर लगी छोटे-बड़े वाहनों की भीड़। फोटो :हरिभूमि

#### चौपहिया वाहनों से बढ़ी परेशानी

खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहकों में कई लोग अपनी कारों से बाजार पहुंच रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति बन रही है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में एक वाहन फंसने पर पूरा रास्ता ठप हो जाता है। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन समय रहते वाहनों पर नियंत्रण नहीं करता तो त्योहारी सीजन में हालात और बिगड़ सकते हैं। हालांकि त्योहार को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने पुराने बस स्टैंड और टैक्सी स्टैंड परिसर में अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की है, लेकिन इसका खास असर देखने को नहीं मिला। बाजार के अंदर चौपहिया वाहनों के प्रवेश पर कोई रोक नहीं होने से व्यवस्था बेअसर साबित हो रही है।

#### लोगों ने प्रशासन से की अपील

स्थानीय व्यापारियों और आमजन ने प्रशासन से मांग की है कि भीड़भाड़ के दिनों में मुख्य बाजार में दुपहिया वाहनों के अलावा किसी भी बड़ी गाड़ी के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। इस व्यवस्था से न सिर्फ जाम से राहत मिलेगी, बल्कि खरीदार भी आराम से खरीदारी कर सकेंगे। लोगों का कहना है कि अंबेडकर चौक, दिल्ली गेट, सिलानी गेट, डाकखाना परिसर आदि मुहानों पर यदि वाहनों का प्रवेश रोका जाए तो बाजार में आने वाले लोगों को राहत मिलेगी।

#### दुकानदारों और आमजन को हो रही काफी परेशानी

मेन बाजार में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर तथा कुछ लोगों ने सड़क किनारे फड़ और अस्थाई स्टॉल सजाकर बाजार को संकीर्ण बना दिया है। अब तंग हुए बाजार के रास्तों में गाड़ियों के आवागमन से जाम की स्थिति पैदा हो रही है। राहगीरों का पैदल निकलना मुश्किल हो रहा है। वीरवार को मेन बाजार के मां वैष्णो चौक, प्राचीन हनुमान मंदिर, डायमंड चौक, नेताजी सुभाष चौक तथा सिटी एवं सदर थाना गेट के सामने वाहनों की भीड़ के कारण कई बार जाम की स्थिति बनने के कारण दुकानदारों और आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### कारों की एंट्री नहीं रुकने से बाजारों में रही अव्यवस्था



बहादुरगढ़। मेन बाजार में रोहतक रोड एंट्री पर लगे बेरिकेड्स। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** करवा चौथ के चलते बाजारों में वीरवार को काफी भीड़भाड़ रही। भीड़ व जाम भरे हालातों से निपटने में पुलिस को काफी माथापच्ची करनी पड़ी। बाजारों में चौपहिया वाहनों पर नियंत्रण नहीं लग सका, लेकिन छोटे दुकानदारों को जरूर फटकार लगती नजर आई। दरअसल, त्योहारी सीजन में बाजारों में भीड़भाड़ हो जाती है। मेन बाजार और रेलवे रोड पर हालात बिगड़ जाते हैं। भीड़भाड़ भरे हालातों से निपटने और व्यवस्था सुचारू बनाने के लिए इन बाजारों में चौपहिया वाहनों की एंट्री रोकने की जरूरत थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। बेशक वीरवार को नाके पर खड़े पुलिस कर्मी वाहन चालकों को रोकते टोकते नजर आए। लेकिन फिर भी पूरी तरह से प्रवेश नहीं रुक सका। बाजार में सुबह से शाम तक गाड़ियां देखने को मिली। जिस कारण अव्यवस्था हावी रही। व्यापारी नवीन ने कहा कि त्योहार पर भीड़ नहीं होगी तो कब होगी। छोटे दुकानदार सालभर त्योहार का इंतजार करते हैं। कोई करवे की रेहड़ी लगाता है तो कोई स्टॉल लगाकर अन्य सामान बेचता है। व्यवस्था बनाने के लिए त्योहार के समय पर गाड़ियों की एंट्री रोकनी चाहिए लेकिन यहां तो छोटे दुकानदारों पर ही सख्ती बरती जा रही है। दूसरी तरफ पुलिस को व्यवस्था बनाने में जद्दोजहद करनी पड़ी। दिनभर पुलिस बाजारों में सुरक्षा की दृष्टि से गश्त लगाती रही। इस दौरान कुछ वाहन चालकों के चालान भी किए गए।



बहादुरगढ़। रोक के बावजूद मेन बाजार की भीड़ में खड़ी कार। फोटो :हरिभूमि

---

### विज्ञान निबंध लेखन में स्मृतिसुधा रही विजेता



झज्जर। स्टेट इंस्टीट्यूट में प्रतियोगिता में भागीदारी करतीं छात्राएं।

**झज्जर।** स्टेट इंस्टीटयूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन टीचर एजुकेशन में वीरवार को विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्थान निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल और प्राचार्या डॉक्टर संतोष की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का उद्देश्य जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता के लिए प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन करना रहा। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर सीमा छिल्लर, डॉक्टर पवन कुमार व डॉक्टर राजवंती ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में बीएससी बीएड प्रथम वर्ष की स्मृति सुधा बाहेरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा बीएससी बीएड द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी ने द्वितीय तथा इसी कक्षा की स्नेहा मल्हान व कनिका को संयुक्त रूप तृतीय और संस्कृति को चतुर्थ स्थान मिला। प्रतियोगिता के सभी विजेता अब जिलास्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। निदेशक डॉक्टर ऋषि गोयल ने विद्यार्थियों को अपनी वैज्ञानिक जिज्ञासा और लेखन कौशल विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

*ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण को नई ऊंचाई दी जाएगी*

## सहकारिता आंदोलन को नई दिशा देने का संकल्प : जोगेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दि झज्जर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के नवनिर्वाचित चेयरमैन जोगेंद्र माछरौली का वीरवार को उनके पैतृक गांव माछरौली में ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों, फूलमालाओं और आतिशबाजी के बीच भव्य स्वागत किया। जोगेंद्र माछरौली ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों है। सहकारिता आंदोलन के जरिए ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण को नई ऊंचाई दी जाएगी। बैंक को आधुनिक तकनीक, पारदर्शिता और सेवा भावना के साथ जनता के हित में कार्यरत रखना मेरा संकल्प है।



झज्जर। नवनियुक्त चेयरमैन जोगेंद्र माछरौली का पगड़ी बांधकर स्वागत करते हुए प्रबुद्धजन। फोटो :हरिभूमि

#### नवनियुक्त चेयरमैन का अभिनंदन किया

ग्राम पंचायत अमादलपुर, काहडी, दादनपुर, सुबाना, अहरी, खेड़ा व पटासनी की समस्त पंचायतों के प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त चेयरमैन को सम्मान-पत्र एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान वाइस चेयरमैन राजबीर देशवाल, पंडित लोकेश शर्मा, रतन सिंह, पूर्व सरपंच, काहड़ी, सुमित सरपंच अमादलपुर, रोहित सरपंच सुबाना, जयभगवान दादनपुर, देवेंद्र माछरौली, ओमपाल भटेड़ा, जयवीर मोर निदेशक, राकेश जाखड़ निदेशक सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### नेहरू कॉलेज में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य दलबीर सिंह को पुष्प गुच्छ देते हुए स्टॉफ सदस्य।

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में मनोविज्ञान विभाग के तत्वावधान में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष प्रदीप यादव ने किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने शिविर का उद्घाटन किया और मानसिक स्वास्थ्य को उन्नत बनाने में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्राध्यापक डा. प्रताप फलसवाल ने मानसिक स्वास्थ्य के भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में महत्त्व पर चर्चा की। शिविर में 200 से अधिक विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच तनाव, दुश्चिंता, अवसाद आदि मानसिक विकारों के परिप्रेक्ष्य में मनोवैज्ञानिक परीक्षणों के माध्यम से की गई। इस अवसर पर डा. पुष्पेंद्र, डा. ललित कुमार, राकेश कुमार, डॉक्टर ज्योति, डा. प्रियंका, डा. अदिति और विकास सुहाग सहित अन्य भी मौजूद रहे।

**शिविर में 200 से अधिक विद्यार्थियों और प्राध्यापकों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच**

### मेहंदी प्रतियोगिता में वंदना व गीतिका की टीम रही प्रथम



**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में करवा चौथ के उपलक्ष में रंगारंग मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशिका बबीता कादियान ने अध्यापिकाओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कल्पना शक्ति का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी अध्यापिकाओं व एक-दूसरे के हाथों पर एक से बढ़कर एक आकर्षक मेहंदी सजाई। प्रतियोगिता परिणामों में सीनियर वर्ग में वंदना व गीतिका को पहला, भारती, सोनम व नैंसी को दूसरा, यांशी, अंशिका व दिशा को तीसरा स्थान मिला।

### अध्यापिकाओं के हाथों पर छात्राओं ने रचाई आकर्षक मेहंदी



**झज्जर।** सुहागिनों के पर्व करवा चौथ के उपलक्ष्य में वीरवार को सनराइज हाई स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की छठी से दसवीं कक्षा तक की छात्राओं ने भाग लिया। उन्होंने अध्यापिकाओं के हाथों पर आकर्षक मेहंदी लगाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय निदेशक रवि यादव ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को इस प्रकार की प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। इससे जहां उसकी प्रतिभा में निखार आता है वहीं उसे अपना व संस्थान का नाम चमकाने का अवसर भी मिलता है।

## सुलेख प्रतियोगिता में रीतिका प्रथम

### राजकीय महाविद्यालय दुजाना में अंतर कक्षीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय दुजाना में प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार की अध्यक्षता में अंतर कक्षीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. कुलदीप राठी ने बताया कि हिंदी विभाग व आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉक्टर अनिल कुमारी, डॉक्टर जितेंद्र कुमार व जितेंद्र सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा रीतिका ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नीतू ने द्वितीय तथा बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डॉक्टर राजेश कुमार ने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

*» विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की*

### मेहंदी रचाकर छात्राओं ने दिया कलात्मक कौशलता का परिचय



**झज्जर।** कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वैदिक गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह से भागीदारी करते हुए अपनी शिक्षिकाओं के हाथों पर मेहंदी रचाते हुए अपने रचनात्मक व कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया। विद्यालय निदेशिका ऊषा गहलोत ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को पारंपरिक कला के प्रति रुचि पैदा करना और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाना रहा। उन्होंने सभी विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मेहंदी प्रतियोगिता में अंकिता रही प्रथम

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में छात्राओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से महिला प्रकोष्ठ द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. अन्नू ने बताया कि करवा चौथ पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी कलात्मक शैली का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सुमन भट्टी, दीक्षा, राजबीर सिंह जाखड़ व सुषमा शामिल रहीं। प्रतियोगिता में बीएससी नॉन मेडिकल प्रथम वर्ष की छात्रा अंकिता ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा प्रियंका ने द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा साधना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर सतवीर सिंह ने विजेता छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### निबंध प्रतियोगिता में हिना ने पहला और कविता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

# राजकीय नेहरू कॉलेज में संजू ने रचाई सबसे अच्छी मेहंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान, इतिहास विभाग एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के तत्वावधान में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रियंका, इतिहास प्राध्यापक डॉ. जगबीर सिंह और राजनीतिशास्त्र प्राध्यापक अशोक कुमार ने किया। मेहंदी प्रतियोगिता में तीस विद्यार्थियों ने मेहंदी रचाई। एमए मनोविज्ञान प्रथम वर्ष की संजू कुमारी ने पहला, प्रिया ने दूसरा, बीए प्रथम वर्ष की हिना और एमकॉम द्वितीय वर्ष की मीनाक्षी ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का निर्णय सुनीता बेनीवाल, डॉक्टर कविता और डॉ. मीनाक्षी ने किया। निबंध प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की हिना ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की कविता ने दूसरा और बीए द्वितीय वर्ष की हिना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता का निर्णय डॉक्टर अमित भारद्वाज, शिव शंकर और सुदेश कुमारी ने किया।



झज्जर। हाथों में रचाई मेहंदी दिखाते हुए प्राध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। विद्यार्थियों द्वारा बनाई रंगोली के साथ उपस्थित शिक्षक।

### टैलेंट हंट कंपीटिशन में विद्यार्थियों ने दिखाई कला

***झज्जर।** एलए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वीरवार को टैलेंट हंट कंपीटिशन का आयोजन किया गया। कंपीटिशन में विद्यार्थियों ने थाली डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन, पोस्टर मेकिंग, स्केचिंग व रंगोली आदि प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता परिणामों में थाली डेकोरेशन में पीस हाउस से हितांशी, रंगोली मेकिंग में कॉर्टसी हाउस से रिया, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में पीस हॉउस से दिव्या को पहला स्थान मिला। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि निर्णायक मंडल में शामिल नीलम दहिया, अनीता गुलिया, रितिका व प्रियंका यादव ने विद्यार्थियों के टैलेंट की सराहना की। स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया ने सभी विजेता प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।*

### महाराजा अग्रसेन महिला कॉलेज में मेहंदी में दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में महिला एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा बंसल ने की। प्रतियोगिता का संचालन महिला प्रकोष्ठ इंचार्ज डॉक्टर अनुपमा यादव व डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला ने किया। छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी कला एवं सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता परिणामों में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा बीएससी मेडिकल प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान द्वितीय और बीए तृतीय वर्ष की छात्रा कविता तृतीय रही।

**NOTICE**

I, Naveen Kumar S/o Sh. Krishan Kumar R/o House No. 1951, Sector-6, Bahadurgarh, Jhajjar, Haryana-124507 declare that I have changed my name from Naveen Kumar to Naveen Garg and shall hereafter be known as Naveen Garg.

**NOTICE**

I, Omwati Devi W/o Sh. Krishan Kumar Garg R/o H. No. 1302, Sector-7, Bahadurgarh, Jhajjar, Haryana-124507 declare that I have changed my name from Omwati Devi to Ompati Devi and shall hereafter be known as Ompati Devi.

**सूचना**

मैं, संजय बसवाला पुत्र श्री हरनाम सिंह निवासी फ्लैट नंबर-224, सैकंड फ्लौर, सफायर फ्लौर, एचएल सीटी सैक्टर-37, बहादुरगढ़, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरी दसवीं कक्षा की मार्कशीट में मेरा नाम संजय सिंह दर्ज है। अब मैंने अपना नाम संजय सिंह से बदलकर संजय बसवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे संजय बसवाला के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप

### झज्जर जिले में पटाखे पूरी तरह प्रतिबंधित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि भारत सरकार के पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन ने राज्य के एनसीआर क्षेत्र में आतिशबाजी के निर्माण, भंडारण, बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि दीपावली के त्योहारी सीजन को देखते हुए संबंधित विभाग इन आदेशों की जिले में सख्ती से पालना सुनिश्चित करें ताकि वायु प्रदूषण को नियंत्रित किया जा सके और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। इसे लेकर विशेष तौर पर अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें आम नागरिकों को जागरूक करेंगे।

### समाधान शिविर में एडीसी ने सुनीं समस्याएं

**झज्जर।** वीरवार को लघुसचिवालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर में एडीसी जगनिवास ने लोगों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्या के जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर के दौरान नागरिकों ने बिजली, पानी, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व संबंधी मामलों, पंचायत भूमि, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, परिवार पहचान पत्र सहित विभिन्न योजनाओं से जुड़ी 12 शिकायतें प्रस्तुत की। एडीसी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविर में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द सुलझाया जाना चाहिए।

### मादक पदार्थ सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** एंटी नारकोटिक सेल ने सेक्टर-6 थाना क्षेत्र से मादक पदार्थ सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी से 759 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। उनके खिलाफ सेक्टर-6 थाने में केस दर्ज किया गया है। सेल के प्रभारी जमील खान के मुताबिक, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने दो आरोपियों को पुराना कोर्ट के पास से काबू किया। इनकी पहचान रोहित व पारस निवासी बहादुरगढ़ के रूप में हुई। राजपत्रित अधिकारियों की मौजूदगी में तलाशी लेने पर इनके पास गांजा बरामद हुआ। मामले में जांच की जा रही है। पुलिस मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान छेड़े हुए है और कई तस्करों को पकड़ा जा चुका है।

ज्वेलरी शॉप से ढाई करोड़ की चोरी का मामला : पेशेवर चोरों की तलाश में पुलिस के हाथ नहीं लगा सुराग, व्यापारियों में रोष

# पांच चोरों की तलाश में दौड़ रहीं पुलिस की पांच टीमें

## ज्वेलर्स ने डीसीपी से मिलकर जताया विरोध, चोरों को जल्द पकड़ने की मांग

- बुधवार अलसुबह केवल 9 मिनट में शटर तोड़कर पांच चोर ले गए थे दो किलो सोना, 30 किलो चांदी व चार लाख नकद
- नेताओं ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर दिलाया जल्द कार्रवाई का भरोसा, बाजार में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मेन बाजार के कोमल ज्वेलर्स में हुई करीब ढाई करोड़ की चोरी के मामले में अभी तक पांच शातिर चोरों का सुराग नहीं लग पाया है। मामले की तह तक जाने के लिए सिटी थाना, दोनों सीआईए, एवीटी सहित पांच टीमें भागदौड़ कर रही हैं। अब तक की पुलिस कार्रवाई से स्वर्णकार संतुष्ट नहीं हैं।

वीरवार को स्वर्णकारों ने डीसीपी मयंक मिश्रा से मुलाकात की और जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की मांग उठाई। वहीं, शटर व अन्य मरम्मत कराकर वीरवार को कोमल ज्वेलर्स पर काम भी शुरू कर दिया गया। दरअसल, बुधवार अलसुबह कबाड़ी मार्केट में स्थित कोमल ज्वेलर्स में चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। वैगनआर कार में सवार होकर आए पांच चोरों ने 9 मिनट के अंदर वारदात को अंजाम दिया। शोरूम संचालक के मुताबिक दो किलो सोना, 30 किलो चांदी और चार लाख कैश चोरी हुआ है। लगभग ढाई करोड़ की चोरी करने के बाद कार सवार चोर झज्जर रोड की तरफ गए और फिर वहां से मुड़कर दिल्ली की तरफ चंपत हो गए। मामले में सामने आया है कि वारदात से एक दिन पहले लगभग एक किलो सोना शोरूम में आया था और बाकी सप्ताहभर पहले आया था।


बहादुरगढ़। डीसीपी ऑफिस में शिकायत देने पहुंचे स्वर्णकार।


पीड़ित ज्वेलर से बातचीत करते राजेंद्र सिंह जून। फोटो : हरिभूमि

### टीकरी बॉर्डर तक सैकड़ों कैमरे खंगाले

शोरूम के बाहर और अंदर के कैमरे भी चालू स्थिति में नहीं हैं। लिहाजा वारदात में किसी भेदी का हाथ होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। सिटी थाना, सीआईए-1, सीआईए 2, एवीटी, साइबर सहित पांच टीमें भागदौड़ कर रही हैं। वारदात स्थल से लेकर टीकरी बॉर्डर तक सैकड़ों सीसीटीवी खंगाले जा चुके हैं। करीब 9 मिनट के अंदर जिस तरह से यह वारदात अंजाम दी गई, उससे जाहिर है कि चोर पेशेवर हैं और संभवतः गाड़ी भी चोरी की होगी। बहरहाल, अब तक की कार्रवाई से पीड़ित परिवार व स्वर्णकार संतुष्ट नहीं हैं। वीरवार को काफी संख्या में स्वर्णकार डीसीपी ऑफिस में पहुंचे। उनके समक्ष जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की मांग की। एसएचओ दिनकर सिंह का कहना है कि वारदात सुलझाने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

### पूर्व विधायक ने सुरक्षा व्यवस्था पर घेरा

**बहादुरगढ़।** पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह जून वीरवार को कोमल ज्वेलर्स पर पहुंचे और बुधवार रात हुई चोरी की वारदात के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। चोरी, हत्या, लूट और फिरौती की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। व्यापारियों समेत हर वर्ग भय के माहौल में जीने को मजबूर है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अगर अपराधी जल्द गिरफ्तार नहीं हुए तो व्यापारियों में पुलिस के प्रति विश्वास खत्म हो जाएगा और भय का वातावरण गहराएगा। प्रदेश में कानून का नहीं बल्कि जंगल राज है। शहर में बढ़ते अपराधों पर कठोर कार्रवाई कर व्यापारियों व आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।


बहादुरगढ़। पीड़ित दुकानदार से वारदात की जानकारी लेते दिनेश कौशिक।

## पीड़ित दुकानदार से मिले भाजपा नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के मेन बाजार में स्थित कोमल ज्वेलर्स में हुई बड़ी चोरी की वारदात के बाद वीरवार को भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने पीड़ित ज्वेलर से मुलाकात की। उन्होंने व्यापारी से घटना की पूरी जानकारी प्राप्त की और भरोसा दिलाया कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार कर चोरी हुआ सामान बरामद कराया जाएगा। उनके साथ मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, अटल मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग व शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी भी पीड़ित ज्वेलर से मिले। इसके बाद भाजपा नेताओं ने डीसीपी मयंक मिश्रा और एसीपी प्रदीप खत्री से बात कर जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने व चोरी का सामान बरामद करने की मांग की। साथ ही त्योहारी सीजन के दौरान बाजारों में पुलिस गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की। उन्होंने विधायक पवन खरखौदा और जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि को भी वारदात की जानकारी दी।

### इनेलो ने उठाए कानून व्यवस्था पर सवाल


जितेंद्र राठी

**बहादुरगढ़।** युवा इनेलो के प्रदेश प्रधान महासचिव जितेंद्र नफे सिंह राठी के अनुसार बहादुरगढ़ समेत पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। प्रदेश में जंगलराज कायम है। आए दिन हत्या, लूट, चोरी व फिरौती जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। व्यापारी समेत आम जनता भय के साए में जीने को मजबूर हैं। वीरवार को मेन बाजार स्थित कोमल ज्वेलर्स में भी चोरी की बड़ी वारदात हुई। अतीत में हुई अधिकतर वारदात भी लंबे समय से अनसुलझी हैं। लगातार चोरी, लूट व फिरौती की वारदातें बढ़ रही हैं।

# बाजरे की खरीद न होने पर जजपा ने किया अनाज मंडी में प्रदर्शन

- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ व जिलाध्यक्ष संजय दलाल के नेतृत्व में की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाजरे की फसल खरीद न होने के विरोध में जजपा कार्यकर्ताओं ने वीरवार को स्थानीय अनाज मंडी परिसर में प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ व जिलाध्यक्ष संजय दलाल के नेतृत्व में जेजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन के दौरान सरकार पर किसानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मंडियों में अपनी फसल की खरीद न होने के चलते किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि एमएसपी की बात हरियाणा सरकार करती है, लेकिन आज किसान अपनी बाजरे की फसल को औने-पौने दामों में बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य समय पर नहीं देती है तो जजपा प्रदेश स्तर पर आंदोलन करेगी। इस दौरान जिला प्रेस प्रवक्ता विकास पाराशर, मिंटू ठेकेदार, राजीव दलाल, नसीब भारतीय, भूपेंद्र गहलोत, जयभगवान जांगड़ा, केहर सिंह, राम निवास, महेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, कप्तान, रामकुमार, हरबीर सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


झज्जर। अनाज मंडी परिसर में प्रदर्शन करते हुए जेजेपी कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### करंट लगने से बिजली कर्मी सहित तीन लोग झुलसे

**बहादुरगढ़।** शहर में वीरवार को करंट लगने की दो अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग झुलस गए। इनमें से दो को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है, जबकि एक व्यक्ति शहर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। पहली घटना विकास नगर इलाके की है। यहां एक भवन के बाहर रंग-रोगन का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आने से पेंटर सोनी और घर में रहने वाला शख्स बादल झुलस गए। दोनों को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। हालांकि बाद में उन्हें वहां से छुट्टी मिल गई। दूसरी घटना सैनीपुरा क्षेत्र की है। यहां बिजली निगम में ठेके के अधीन एक कर्मचारी तार बदलने का काम कर रहा था। इसी दौरान करंट लगने से झुलस कर गिर गया। घायल कर्मचारी की पहचान नंदकिशोर के रूप में हुई है। वह निजी अस्पताल में उपचाराधीन है।

# सर्दियों में फैक्ट्रियों का प्रदूषण रोकने के लिए बनाई रात की गश्त टीमें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बीते दिनों हुई बरसात के बाद मौसम बदल गया है और आगामी कुछ दिनों में सर्दी पूरी तरह से दस्तक दे देगी। सर्दियों में स्मॉग व प्रदूषण की आशंका को देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एक्शन में आ गया है। बोर्ड ने गैरकानूनी ईंधन का इस्तेमाल कर वातावरण में जहर घोलने वाली औद्योगिक इकाइयों पर शिकंजा कसने के लिए नाइट पेट्रोलिंग टीमें गठित की हैं। ये टीम रातभर औद्योगिक इलाकों में गश्त करेंगी और तुरंत कार्रवाई करेंगी।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि विभाग अब तक 132 अवैध औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है। इनमें प्लास्टिक जलाने, धोने और डाइंग यूनिट शामिल हैं। उन्होंने उद्योग संचालकों से एयर पॉल्यूशन कंट्रोल डिवाइस और ईटीपी को हमेशा सक्रिय रखने की अपील की है। ऐसा न करने पर सख्त कार्रवाई होगी।


बहादुरगढ़। सील किया गया एक आरएमसी प्लांट।

### आरएमसी प्लांट्स पर भी कार्रवाई, 10 करवाए बंद

बोर्ड की ओर से आरएमसी प्लांट्स पर भी शिकंजा कसा गया है। बहादुरगढ़ बाईपास व सिद्धीपुर लोवा स्थित आरएमसी को सील कर दिया गया है। अब तक यहां 10 आरएमसी प्लांट बंद किए जा चुके हैं, जबकि पांच प्लांट्स के क्लोजर की प्रक्रिया चल रही है। प्लॉस्टिक पॉलीथिन के मामले में भी कार्रवाई करते हुए चालान काटने के साथ जुर्माना लगाया जा रहा है। वहीं, बहादुरगढ़ में प्रदूषण स्तर की सटीक निगरानी के लिए एयर पॉल्यूशन मॉनिटरिंग सिस्टम को फिर से सक्रिय कर दिया गया है। इससे रोजाना हवा की गुणवत्ता पता चल रही है।

# जिले में फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए ट्रायल कल

**झज्जर।** जिला खेल अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि हरियाणा ओलम्पिक संघ द्वारा हरियाणा स्टेट ओलंपिक गेम्स-2025 का आयोजन आगामी दो नवंबर से होगा। उन्होंने बताया कि इन खेलों के अंतर्गत जिला झज्जर में फुटबॉल खेल की टीम चयन के लिए ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल शनिवार को दोपहर तीन बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहांगीरपुर के खेल मैदान में लिए जाएंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# रजत पहलवान ने रेलवे कुश्ती चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

## मांडोठी के हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में पाई सफलता, जीत पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली में हुई 66वीं ऑल इंडिया इंटर रेलवे कुश्ती चैंपियनशिप में रोहद का रजत रुहल पहलवान छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत ने चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल हासिल कर इलाके का मान बढ़ाया। नॉर्दन रेलवे दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में 7 से 9 अक्टूबर तक यह चैंपियनशिप हुई थी। इसमें 125 किलोग्राम वर्ग का हेवीवेट पहलवान रजत पूरी तरह से छाया रहा। अपनी तमाम कुश्तियां जीतकर रजत ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। उसकी जीत पर परिजनों और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई। साथी पहलवानों ने अभिनंदन किया। रोहद निवासी रजत रेलवे में टीटी है और मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में अर्जुन अवॉर्डी धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में अभ्यास करता है। रजत ने अपनी जीत का श्रेय कोच धर्मेंद्र पहलवान व हिंद केसरी सोनू पहलवान को दिया है। रजत इससे पहले नेशनल, एशियन और जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश के लिए मेडल जीत चुका है। देशी दंगलों में भी धाक जमा रहा है। कोच धर्मेंद्र ने कहा कि रजत बेहद होनहार पहलवान है। यकीनन अगले कई वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का परचम लहराता रहेगा।


बहादुरगढ़। कोच व ऑफिशियल स्टाफ के साथ विजेता रजत पहलवान। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेसियों ने वाई पूरन कुमार को दी श्रद्धांजलि


झज्जर। कैंडल मार्च के दौरान अंबेडकर चौक पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता।

**झज्जर।** हरियाणा के सीनियर आईपीएस अधिकारी एडीजीपी वाई पूरन कुमार द्वारा किए गए सुसाइड मामले में वीरवार को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर चौक पहुंच कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए मांग करते हुए कहा कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच करते हुए दोषियों को सजा दिलाई जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजय यादव, जतिन वत्स, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामअवतार उर्फ दीपक गहलावत, विजय वाल्मीकि, रमेश वाल्मीकि, धर्म सिंह रणखंडा, भूप सिंह काकरान, वीरेंद्र कौशिक, राजवीर दहिया, जयप्रकाश कड़ौधा, रामानंद दलाल, सुदेश कौशिक, पूर्व पार्षद टेकचंद गुर्जर, जेपी कादियान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

सेक्टर-6 में दस दिवसीय नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव एवं प्रदर्शनी

# महिलाओं को राजस्थानी ज्वेलरी व बंगाल का जूट वर्क भाया

- प्रदर्शनी में कई राज्यों के कलाकारों की कलाकृतियों ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

शहर के सेक्टर-6 में स्थित कम्युनिटी सेंटर में आयोजित दस दिवसीय नाबार्ड नेशनल आर्ट एंड कल्चर उत्सव एवं प्रदर्शनी में देश के विख्यात शिल्पकारों की कलाकृतियों को देखने के साथ ही बहादुरगढ़ के नागरिक शाम को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठा रहे हैं। जयपुरी ज्वेलरी और बंगाली जूट वर्क की स्टॉल पर कलाप्रेमी खूब समय बिता रहे हैं। प्राचीन कारीगर एसोसिएशन द्वारा रूरल अर्बन डेवलपमेंट फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित उत्सव में सुबह से शाम तक लोग उमड़ रहे हैं। हर तरह के रत्न को देखते ही पहचानने वाले महेंद्र के अनुसार जयपुर की कुंदनकारी पूरी दुनिया में मशहूर है। आभूषणों पर मीनाकारी कला में स्वर्ण पर विशेष आकृतियां उकेर कर उन्हें खूबसूरत बनाया जाता है। मीना कुंदनकारी में सदियों से जयपुर की धाक रही है। छठी कक्षा से रत्नों के काम में जुटे जयपुर के महेंद्र सिंह स्टोन, गोटा चांदी और पंच धातु की ज्वेलरी बनाते हैं। उनके द्वारा बनाई गई 10 मिलीमीटर आकार की तिजौरी देखकर हर कोई हैरान हो जाता है। झुमकी में राधा रानी का स्वरूप हो या फिर अन्य आकृतियां बरबस ही महिलाओं को आकर्षित करती हैं। मथुरा के कृष्ण मंदिर के अलावा महेंद्र अयोध्या के राम मंदिर की आकृति बना चुके हैं। महेंद्र के अनुसार स्वर्ण और हीरे की ज्वेलरी के विकल्प गढ़े जाते हैं, जिससे साधारण लोग ज्वेलरी पहनने का शौक पूरा कर सकें।



बहादुरगढ़। महेंद्र के बनाए राजस्थानी आभूषण तथा बंगाल के गोविंदा पाल के जूट उत्पाद देखतीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्रपति के हाथों सम्मान

पश्चिम बंगाल के हुबली से आए गोविंदा पाल का परिवार करीब 100 सालों से जूट कला को तराश रहा है। वर्ष 1992 में पश्चिम बंगाल के स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित गोविंदा पाल की बहन रीता सरकार को वर्ष 2001 में राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के हाथों नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। जबकि रीता के पति दीपक सरकार वर्ष 1995 में तत्कालीन राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा के हाथों नेशनल अवॉर्ड प्राप्त कर चुके हैं। दरअसल, ईश्वर जामिनी पाल ने खेतों में उगने वाले पटसन से घरेलू प्रयोग की चीजें तैयार की थी। इसके बाद उनके पुत्र गोपालचंद पाल, फिर उनके पौत्र नेपालचंद पाल और अब गोविंदा पाल के अलावा बहन रीता सरकार और भाई गौतम पाल भी इस कला को नई ऊंचाई देने में जुटे हैं।